13 एमपी एनसीसी बटालियन का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

नवदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरम: एनसीसी की 13 एमपी एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में 31 मई तक 10 दिवसीय आवासीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में विभिन्न जिलों के 12 विद्यालयों एवं पांच महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स सहभागिता कर रहे हैं। शिविर के उद्घाटन अवसर पर 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सत्य प्रकाश सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कैडेट्स से आग्रह किया कि वे शिविर में आयोजित प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें। उद्घाटन समारोह में सूबेदार मेजर बीसी तिलक, सूबेदार राकेश सिंह, सूबेदार राम अवतार, बीएचएम पूरन मिश्रा, एमजीएम पीजी कालेज इटारसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डा. मनीष चौरे, लेफ्टिनेंट डा. संतोष अहिरवार, सीटीओ श्रुति एवं यास्मीन खान सहित एनसीसी स्टाफ एवं अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कैडेट्स को योग, ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, हेल्थ एंड हाइजीन, साइबर सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही कैडेट्स में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने हेतु विभिन्न व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्रीय एकता एवं सेवा भाव विकसित करते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

शिविर के शुभारंभ पर मौजूद सदस्य।

एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

जागरण नर्मदापुरम। एनसीसी की 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के तत्वावधान में शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, में 22 से 31 मई तक 10 दिवसीय आवासीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस शिविर में विभिन्न जिलों के 12 विद्यालयों एवं 5 महाविद्यालयों के एनसीसी बालक एवं बालिका कैडेट्स उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। शिविर के उद्घाटन अवसर पर 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सत्य प्रकाश सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कैडेट्स से आग्रह किया कि वे शिविर में आयोजित प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें। उद्घाटन समारोह में सूबेदार मेजर बीसी तिलक, सूबेदार राकेश सिंह, सूबेदार राम अवतार, बीएचएम पूरन मिश्रा, एमजीएम पीजी कॉलेज इटारसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. मनीष चौरे, लेफ्टिनेंट डॉ. संतोष अहिरवार, सीटीओ श्रुति एवं यास्मीन खान सहित एनसीसी स्टाफ एवं अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कैडेट्स को योग, ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, हेल्थ एंड हाइजीन, साइबर सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही कैडेट्स में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने हेतु विभिन्न व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

दैनिक भास्कर
नर्मदापुरम भास्कर 27-05-2026

योग, ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन के गुर सीख रहे कैडेट्स

भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

नेशनल कैडेट्स कोर की 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के तत्वावधान में शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में आवासीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। उद्घाटन बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सत्य प्रकाश सिंह ने किया। शिविर में कैडेट्स को योग, ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छता, साइबर सुरक्षा, साइबर जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

12 विद्यालयों, 5 कॉलेजों के कैडेट्स शामिल

शिविर में अलग-अलग जिलों के 12 विद्यालयों और 5 महाविद्यालयों के एनसीसी बालक व बालिका कैडेट भाग ले रहे हैं। समारोह में सूबेदार मेजर बीसी तिलक, सूबेदार रमेश सिंह, सूबेदार राम अवतार, बीएचएम पूरन मिश्रा, एमजीएम पीजी कॉलेज इटारसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. मनीष चौरे, लेफ्टिनेंट डॉ. संतोष अहिरवार, सीटीओ श्रुति, यासमीन खान सहित एनसीसी स्टाफ व अधिकारी मौजूद रहे।